तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **महेन्द्र सिंह भाटी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353426748554014	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/09/25	अपीलार्थी महेन्द्र सिंह भाटी निवासी भाटी चौराहा मगरा पुंजला मंडोर जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 26.06.2025 को पत्र दिनांक 08.05.2025, 11.05.2025, 23.05.2025, 16.05.2025, 28.05.2025 एवं 23.06.2025 को प्रेषित पत्रों की मय टिप्पणी सत्यापित प्रतियां एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) जरिये पत्रांक 656 दिनांक 12.09.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्रांक सू.अ.अ./2025/610 दिनांक 07.08.2025 द्वारा प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.26 13:00:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
18013013